प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. वीके पांडेय •

नगर पालिका के कर्मी सीयूजी मोबाइल नंबरों से होंगे लैस

जागरण संवाददाता, फतेहपुर : दायित्व निर्वहन में बरती जा रही लापरवाही से खिन्न पालिका प्रशासन ने नया तरीका इजाद किया है। प्रशासनिक अफसरों और पुलिस विभाग में बांटे गए सीयूजी मोबाइल नंबरों की तरह ही पालिका कर्मियों को बांध दिया जाएगा। काम के समय कर्मचारियों के न मिल पाने से पालिका प्रशासन को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

नगर पालिका ने कर्मचारियों को दायित्व निर्वहन की कसौटी में खरा उतारने के लिए नया प्रयास शुरू किया है। विभाग में तैनात अवर अभियंताओं, लिपिकों, सफाई निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, सफाई नायकों आदि को मोबाइल सिम दिया जाएगा। मोबाइल नंबर पूरी कार्यवधि में खुले रहेंगे, जिससे कि किसी भी वक्त संबंधित कर्मचारी को बुलाया जा सके अथवा जरूरत पड़ने पर उनसे सरकारी मदद ली जा सके। यूं तो हर कर्मचारी के पास मोबाइल नंबर है और विभाग में नंबर भी दिए गए हैं लेकिन काम के समय वह नंबर बंद मिलते थे। अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने बताया कि प्रथम चरण में अवर अभियंताओं के साथ 30 कर्मचारियों को सीयूजी नंबरों दिए जाएंगे। जरूरत पड़ी तो इनकी संख्या और बढ़ाई जा सकती है।